पत्र सूचना शाखा

(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

मंत्रिपरिषद के महत्वपूर्ण निर्णय

लखनऊ : 17 मई, 2022

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद द्वारा निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए :–

केन्द्रीय भूतल परिवहन मंत्रालय के कार्यालय ज्ञाप के क्रम में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे परियोजना के पैकेज–1 एवं 2 के निर्माणकर्ताओं को शिड्यूल एच में दी गई राहत को 31 अक्टूबर, 2022 तक बढ़ाए जाने का निर्णय

मंत्रिपरिषद ने गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे के निर्माणकर्ताओं को शासनादेश संख्या 2600/77–3–20–208एम/18 दिनांक 26.11.2020, संख्या–2542/77–3–21–208एम/18 दिनांक 03.12.2021 एवं संख्या–428/77–3–22–208एम/18 दिनांक 31.03.2022 द्वारा निष्पादित अनुबन्ध के पैकेज–1 एवं 2 को शिड्यूल–एच में प्रदान की गई राहत को 31 अक्टूबर, 2022 तक के लिए बढ़ाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है।

इस निर्णय से परियोजना को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जा सकेगा। परियोजना के ससमय पूर्ण हो जाने से आमजन को इसका शीघ्र लाभ प्राप्त होने लगेगा।

ज्ञातव्य है कि भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा निर्गत कार्यालय ज्ञाप संख्या COVID-19/Road Map/JS(H)/2020 दिनांक 11.04.2022 द्वारा सड़क परियोजनाओं के विकासकर्ताओं को राहत प्रदान किए जाने हेतु Schedule-H/G में प्रदान की गई शिथिलताओं को 31 अक्टूबर, 2022 तक विस्तारित किए जाने के सम्बन्ध में एन0एच0ए0आई0 को निर्देश दिए गए हैं।

————————

मंत्रिपरिषद द्वारा शासनादेश संख्या 1128/15–7–2021–1 (20)/2020 दिनांक 20.06.2021 को कार्योत्तर अनुमोदन

मंत्रिपरिषद द्वारा शासनादेश संख्या 1128/15–7–2021–1(20)/2020 दिनांक 20.06.2021 को कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया है। ज्ञातव्य है कि यह शासनादेश माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा संचालित वर्ष 2021 की बोर्ड परीक्षा कक्षा–10 एवं कक्षा–12 में पंजीकृत छात्रों के परीक्षाफल को तैयार करने तथा परीक्षाफल में अंकों के आगणित किए जाने वाली प्रक्रिया एवं आधारों के सम्बन्ध में है।

ज्ञातव्य है कि कोरोना वायरस (कोविड–19) के चलते उत्पन्न असाधारण परिस्थितियों के कारण सत्र को नियमित करने एवं छात्रहित में माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 द्वारा संचालित विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2020–21 हेतु कक्षा–10 के 29,94,312 एवं कक्षा–12 के 26,10,316 अर्थात कुल 56,04,628 पंजीकृत छात्रों की बोर्ड परीक्षा को निरस्त करने का निर्णय लिया गया था। इसके क्रम में उ0प्र0, माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा प्रस्तावित वर्ष 2021 की बोर्ड परीक्षा में कक्षा–10 एवं कक्षा–12 के पंजीकृत छात्रों के परीक्षाफल को तैयार करने तथा परीक्षाफल में अंकों के आगणित किये जाने वाली प्रक्रिया एवं आधारों को निर्धारित किये जाने हेतु कार्यालय ज्ञाप संख्या–1086/15–7–2021–1(20)/2020टी0सी0 दिनांक 03.06.2021 द्वारा एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया।

इस उच्च स्तरीय समिति ने विभिन्न माध्यमों से प्राप्त सुझावों, उपसमितियों एवं पाठ्यचर्या समिति आदि की संस्तुतियों का संज्ञान लिया गया। इसके उपरान्त कक्षा–10 एवं कक्षा–12 की निरस्त की गयी बोर्ड परीक्षा में पंजीकृत छात्रों की लिखित परीक्षा के अंकों को समिति द्वारा निर्धारित आधारों/प्रक्रिया के अनुसार आगणित करते हुए परीक्षाफल तैयार कराया गया। इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री जी से सैद्धान्तिक अनुमोदन के पश्चात शासनादेश संख्या–1128/15.07.2021–1(20)/2020 दिनांक 20.06.2021 द्वारा आदेश निर्गत किये गये।

———————